सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-424
13/09/2017

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया दस करोड़ रूपये का अंशदान

पटना 13 सितम्बर, 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड की ओर से बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री विनय कुमार ने दस करोड़ रूपये का अंशदान मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय सभी को अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा तथा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******